Title: Need to cancel agreement regarding purchase of BALCO shares by Sterlite Industries . -- Laid.

डॉ0 चरणदास महंत (जांजगीर): अध्यक्ष महोदय, स्टरलाइट इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा केन्द्र सरकार के उपक्रम बालको के विनिवेश की शर्तो का उल्लंघन किया जा रहा है। आर्थिक रूप से अकेले सक्षम नहीं होने के बाद भी स्टरलाइट कंपनी ने बालको के 51 प्रतिशत शेयर सिर्फ 551 करोड़ रूपये में खरीद लिये। लॉक इन पीरियड 4 मार्च, 2004 होने के बावजूद अब वित्तीय कारणों से स्टारलाइट के शेयर मोरिशिस की एक विदेशी कम्पनी टिवन स्टार होल्डिंग्स को काफी मुनाफे में बेच रहे हैं। स्टारलाइट के 55 प्रतिशत शेयर टिवन स्टार ने पहले ही खरीद लिये हैं और प्रस्तावित शो 20 प्रतिशत के लिए उन्होंने केन्द्रीय वित्त मंत्रालय से अनुमति मांगी है और इसके बाद धीरे से बालको का प्रबंधन अप्रत्यक्ष रूप से एक विदेशी कम्पनी के हाथों में चले जाने का खतरा भी है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि स्टारलाइट को बेचे गये बालको के 51 प्रतिशत शेयर के एग्रीमेंट को रद्द कर सरकार पुनः बालको का अधिग्रहण करे और शेयरों के क्रय-विक्रय पर विदेशी निवेश में हुयी अनियमितताओं की भी सूक्ष्म जांच करायी जाये। क्योंकि स्टारलाइट बालको को बेचने की फिराक में है।

<